दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 13／05／2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह पंजाब में आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया और वीर जवानों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान श्री मोदी ने जवानों के शौर्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि साहस, संकल्प और निर्भयता के प्रतीक जवानों के बीच में होना उनके लिए बहुत ही विशेष अनुभव है। उन्होंने कहा कि भारत के सशस्त्र बल जो भी राष्ट्र के लिए कर रहे हैं, भारत उसका हमेशा ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सिलसिले में हुआ है। भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में अनेक आतंकी शिविरों को नष्ट किया और इस दौरान सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए।

———————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान भारत की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष – सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शामिल हुए। इस बैठक में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी मौजूद थे।

———————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में जम्मू में तैनात भारतीय सेना के जवान सीवान निवासी रामबाबू सिंह शहीद हो गये। नौ मई को सीमा पार से हुई गोलाबारी में वे गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। वे बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर गांव के रहने वाले थे। शहीद जवान का पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव लाये जाने की सम्भावना है।

———————————————————

ऑपरेशन सिंदूर पर आज से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा के नाम का यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पंहुचायेगा । इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन तथा भाजपा के प्रमुख नेता शामिल होंगे। यह अभियान तेईस मई तक चलेगा। इसमें बताया जाएगा कि कैसे भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में आतंकी शिविरों का सफाया किया।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। दोनों ही परीक्षा में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं की परीक्षा में इस वर्ष अट्ठासी दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। इक्यानवे प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की जो कि लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ–चार प्रतिशत अधिक है। वहीं, दसवीं की परीक्षा में इस वर्ष तिरानवे दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य छह प्रतिशत अधिक है। पंचानवे प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की जो कि लड़कों के मुकाबले दो दशमलव तीन–सात प्रतिशत अधिक है। रिजल्ट सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट ईन, रिजल्ट डॉट एनआईसी डॉट ईन या रिजल्ट डिजीलॉकर डॉट जीओवी डॉट ईन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

———————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल मोतिहारी में लू की स्थिति बनी रही। यहां का अधिकतम तापमान इकतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान औसत तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, अगले चौबीस घंटों में राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने अब तक तेईस पदक जीते हैं। इनमें चार स्वर्ण, आठ रजत और ग्यारह कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में राज्य तेरहवें स्थान पर है। वहीं, महाराष्ट्र छत्तीस स्वर्ण समेत नवासी पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर बना हुआ है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।